भारतीय सर्वेक्षण विभाग
SURVEY OF INDIA



विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
(DEPARTMENT OF SCIENCE & TECHNOLOGY)

वार्षिक रिपोर्ट
ANNUAL REPORT
2017 - 2018

भारतीय सर्वेक्षण विभाग
SURVEY OF INDIA

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
(DEPARTMENT OF SCIENCE & TECHNOLOGY)

वार्षिक रिपोर्ट
ANNUAL REPORT
2017 - 2018

भारत के महासर्वेक्षक के आदेश से प्रकाशित
Published by The Order of the Surveyor General of India

संरक्षक

लेफ्टिनेंट जनरल गिरीश कुमार, वी०एस०एम०
भारत के महासर्वेक्षक

PATRON

Lt General Girish Kumar, VSM
Surveyor General of India

सलाहकार

श्री पंकज मिश्रा
उप महासर्वेक्षक

ADVISOR

Sh. Pankaj Mishra
Deputy Surveyor General

मुख्य संपादक

श्री प्रदीप सिंह
तकनीकी सचिव

EDITOR-IN-CHIEF

Sh. Pardeep Singh
Technical Secretary

डेटा संकलन और तैयारी

श्री विनायक बिष्ट
सर्वेक्षण सहायक

DATA COMPILATION & PREPARATION

Sh. Vinaik Bist
Survey Assistant

भारत के महासर्वेक्षक का संदेश

सन् 1767 में स्थापित भारतीय सर्वेक्षण विभाग भारत सरकार का सबसे प्राचीनतम विभाग है। भारतीय सर्वेक्षण विभाग ने ही सर्वप्रथम इन निर्जन भू–भागों का पता लगाया और दूसरे लोगों ने उनका अनुसरण करते हुए इन क्षेत्रों में नवनिर्माण किया। वे घने जंगलों, रेगिस्तान और ऊंचे बर्फीले पर्वतों पर गए तथा वास्तव में वे लोग ही निर्जन और नितान्त विरान क्षेत्रों में सबसे पहले पहुंचे। वहां उन्होंने निरन्तर सावधानीपूर्वक निष्ठा तथा परिश्रम से विकास, रक्षा और प्रशासन के लिए आवश्यक मानचित्रों को बनाने का कार्य किया। स्थालाकृतिक मानचित्रों ने भारत राष्ट्र के निर्माण में अमूल्य भूमिका निभाई है तथा आधुनिक भारत के लगभग सभी प्रमुख विकासात्मक क्रियाकलापों की नींव रखने में केन्द्र बिन्दु बना रहा है।

प्रायद्वीपीय भारत की स्थलाकृति में विविधता है जिसमें विश्व के सर्वोच्च पर्वतों की हिमाच्छादित हिमालय श्रृंखला से लेकर गंगा के समृद्ध और उपजाऊ मैदान, वृहत् तरंगित क्षेत्र, घने जंगल, मरुस्थल शक्तिशाली नदियां, दलदल और लंबी तटरेखा शामिल है। स्वतंत्र भारत का क्षेत्रफल (3.8 मिलियन वर्ग कि0मी0) अधिकांशतः हिमालय के पार स्थित प्रवासियों के वंशजों द्वारा बसा हुआ है तथा आज यहां पर विभिन्न प्रजातियों, संस्कृतियों, भाषाओं तथा धर्मों का समावेश है।

भारत में सर्वेक्षण का प्रारंभिक इतिहास ईस्ट इंडिया कंपनी द्वारा विजयी क्षेत्रों के विस्तारण के अनुसरण के अनुरुप है। सौभाग्यवश भारत में अधिक से अधिक क्षेत्रों की खोज, उनका विस्तार तथा उनपर विजय प्राप्त करने की खोज ने एक नियमित सरकारी सर्वेक्षण संगठन की स्थापना के लिए प्रेरित किया तथा भारत विश्व में ऐसा करने तथा क्रमबद्ध वैज्ञानिक सर्वेक्षण प्रारंभ करने वाला प्रारंभिक देश बन गया है।

ईस्ट इंडिया कंपनी की सेना के अग्रदूतों तथा सर्वेक्षकों द्वारा अज्ञात भू–भागों को खोजने का कठिन कार्य किया गया।

भारतीय भू–भाग के छोटे–छोटे भागों के चित्रण का कार्य प्रतिष्ठित सर्वेक्षकों की पंक्ति के सर्वेक्षकों जैसे– कर्नल लैम्बटन और सर जार्ज एवरेस्ट के श्रम साध्य प्रयासों द्वारा पूरा किया गया। देश के वैज्ञानिक सर्वेक्षण तथा मानचित्रण की नींव इन प्रसिद्ध सर्वेक्षकों द्वारा 19वीं शताब्दी में वृहत् त्रिकोणमितीय सर्वेक्षण (जी0टी0एस0) द्वारा रखी गई।

स्वतंत्रता के पश्चात् संपूर्ण देश में विकास की लहर आई जो आज तक कायम है। आर्थिक विकास नियोजन के साथ वैज्ञानिक नियोजन और उसके निष्पादन के लिए कई योजनाओं में सर्वेक्षण डाटा की आवश्यकता होने लगी। भारतीय सर्वेक्षण विभाग ने अपनी अधिकतर क्षमताओं को विकासात्मक परियोजनाओं में लगाया जिससे फलस्वरूप स्थलाकृतिक सर्वेक्षण को सामान्य स्थलाकृतिक सर्वेक्षणों को अधिक महत्व न देते हुए अपनी क्षमता को विकासात्मक परियोजनाओं की ओर लगाना होगा। सामान्य स्थलाकृतिक कार्यों की तुलना में भारतीय सर्वेक्षण विभाग को अपनी अधिकांश क्षमता को विकासात्मक परियोजनाओं में लगाना पड़ता था।

ज्योडीय, स्थलाकृतिक के अलावा भारतीय सर्वेक्षण विभाग देश में सभी विकासात्मक परियोजनाओं की सर्वेक्षण आवश्यकताओं को पूरा करता है। विभिन्न केन्द्रीय / राज्य सरकार की एजेंसियों, केन्द्र/राज्य के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और अन्य संगठनों के लिए भारतीय सर्वेक्षण विभाग द्वारा लघु/मध्यम/ बड़ी परियोजनाओं के लिए निम्नलिखित विभिन्न विकासात्मक सर्वेक्षण और मानचित्रण कार्य किए गए।

विभाग ने अजेय हिमालय, तपते रेगिस्तान, भयानक बिमारियों और जंगली जानवरों से भरे जंगलों में सर्वेक्षण की चुनौतियों का सामना किया है। विभाग ने आधुनिक तकनीकी को भली भांति अपनाकर अंकीय मानचित्रण और भौगोलिक सूचना पद्धति के युग में सफलतापूर्वक पदार्पण किया है।

वर्तमान में भारतीय सर्वेक्षण विभाग को 08 जोनों, 23 भू–स्थानिक आंकड़ा केन्द्रों/क्षेत्रीय निदेशालयों, 06 विशिष्ट निदेशालयों और 29 राज्यों तथा 09 स्वायत्तशासी क्षेत्रों को समाहित करते हुए 01 शिक्षण निदेशालय में संगठित किया गया है। विभाग में कार्मिकों की मानव शक्ति संख्या कुल 4500 से ऊपर है।

प्रत्येक जोन कार्यालय के अधीन कुछ क्षेत्रीय निदेशालय कार्यरत है, प्रत्येक क्षेत्रीय निदेशालय उस राज्य या छोटे राज्यों के ग्रुप की सभी स्थलाकृतिक और विकासात्मक सर्वेक्षण और मानचित्रण की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उत्तरदायी है।

ज्योडीय एवं अनुसंधान शाखा, अन्तर्राष्ट्रीय सीमा निदेशालय, भौगोलिक सूचना पद्धति और सुदूर संवेदन निदेशालय, राष्ट्रीय भू–स्थानिक आंकड़ा केन्द्र, अंकीय मानचित्रण केन्द्र और मानचित्र अभिलेख और प्रसार केन्द्र, विशिष्ट निदेशालय है।

प्रशिक्षण निदेशालय अर्थात भारतीय सर्वेक्षण एवं मानचित्रण संस्थान (आई०आई०एस०एम०) में फोटोग्रामिति, ज्योडेसी, मानचित्रकला और भौगोलिकसूचना पद्धति में प्रारम्भिक, पुनश्चर्या, विशिष्ट और प्रगत पाठयक्रम चलाए जा रहे हैं ।

राष्ट्रीय मानचित्रण नीति (एन0एम0पी0) 2005 ने भारतीय सर्वेक्षण विभाग को राष्ट्रीय स्थलाकृतिक डाटाबेस (एनटीडीबी) तैयार करने तथा मानचित्र की दोहरी सीरीज यथा – डी0एस0एम0 (रक्षा सीरीज मानचित्र) रक्षा सेनाओं की आवश्यकता के लिए तथा ओ0एस0एम0 (ओपन सीरीज मानचित्र) अन्य सभी उपयोगकर्ताओं के लिए उपलब्ध कराने का कार्य सौंपा है ।

मैं श्री पंकज मिश्रा, उप महासर्वेक्षक (तकनीकी), श्री प्रदीप सिंह, तकनीकी सचिव और श्री विनायक बिष्ट, सर्वेक्षण सहायक जिन्होंने "वार्षिक रिपोर्ट 2017–2018" को तैयार करने के लिए किए गए विषेश प्रयासों की सराहना करता हूँ ।

लेफ्टिनेंट जनरल गिरीश कुमार, वीएसएम
भारत के महासर्वेक्षक।

अनुक्रमणिका

क्रम सं.	शीर्षक	पृष्ठ सं.
1.	प्रस्तावना	1
2.	कर्तव्यों का घोषणा पत्र	1
3.	राष्ट्रीय मानचित्रण नीति	2
4.	राष्ट्रीय डाटा शेयरिंग एक्सेसबिलिटी नीति	4
5.	नागरिक घोषणापत्र	4
6.	अन्तरराष्ट्रीय सीमाएं	5
7.	भारतीय सर्वेक्षण विभाग के तकनीकी क्रियाकलाप	9
7.1	विभिन्न पैमानों पर राष्ट्रीय स्थलाकृतिक अंकीय डाटाबेस तैयार करना	9
7.2	विभिन्न पैमानों पर राष्ट्रीय स्थलाकृतिक डाटाबेस का अद्यतनीकरण	9
7.3	ओ0एस0एम0 हिंदी और ओ0एस0एम0 क्षेत्रीय भाषाओं में तैयार करना	9
7.4	वैब सेवाएं यथा–डब्ल्यू0एम0एस0 / डब्ल्यू0एफ0एस0 के लिए ओ0एस0एम0 डी0टी0डी0बी0 डाटा उपलब्ध कराना	9
7.5	ज्योडीय एवं भू–भौतिकीय	10
7.6	महत्वपूर्ण परियोजनाओं की प्रगति	10
7.7	विशेष सर्वेक्षण परियोजनाएं	13
7.8	मुद्रण की स्थिति	14
7.9	मानचित्रों और अंकीय डाटा का विक्रय	14
8.	सहयोगात्मक वैज्ञानिक क्रियाकलाप	15
9.	अनुसंधान एवं विकास	16
10.	सम्मेलन / संगोष्ठियां / बैठकें	16
11.	तकनीकी लेख	19
12.	विदेश यात्राएं	19
13.	भारतीय सर्वेक्षण विभाग के कार्यालयों में दौरा / भ्रमण	21
14.	सांस्कृतिक और शैक्षिक क्रियाकलाप	22
15.	सरकारी कामकाज में हिन्दी का प्रयोग	27
16.	संगठन	29
17.	व्यय	29
18.	मानवशक्ति	30
19.	शैक्षणिक और क्षमता निर्माण	31
20.	अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग का प्रतिनिधित्व	34
21.	अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अशक्त व्यक्ति	35
	चार्ट	
	भारतीय सर्वेक्षण विभाग के कार्यालयों की अवस्थिति	36
	1:50,000 पैमाने पर ओपन सीरीज मानचित्रों की स्थिति	
	1:25,000, 1:250,000 स्थलाकृतिक मानचित्रों और 1:1 मिलियन आई.एम.डब्ल्यू. और डब्ल्यू.ए.सी. (आई.सी.ए.ओ.) की स्थिति	

1. परिचय :

विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार के अधीन भारतीय सर्वेक्षण विभाग राष्ट्र की सुरक्षा और विकास के लिये अनेक प्रकार के विभिन्न पैमानों पर सम्पूर्ण भारत के स्थलाकृतिक, भौगोलिक तथा कई अन्य प्रकार के पब्लिक सीरीज मानचित्रों के उत्पादन और अनुरक्षण में कार्यरत है । इसके अतिरिक्त, भारत सरकार के कार्य–संचालन नियम के "वैज्ञानिक सर्वेक्षण" समूह के अधीन होने के कारण विज्ञान और प्रौद्योगिकी की आवश्यकताओं के लिये आधारिक डाटा उपलब्ध कराने के लिये इसे ज्योडीय एवं भू–भौतिकीय सर्वेक्षण, भू–कम्पनीयता एवं भूकम्प विवर्तनिक अध्ययन, पर्यावरण एवं आपदा प्रबंधन, अंटार्कटिका के भारतीय वैज्ञानिक अभियान में सहयोग, हिमनद विज्ञान कार्यक्रमों और अंकीय मानचित्रकला तथा अंकीय फोटोग्रामिति आदि से सम्बन्धित अन्य परियोजनाओं के क्षेत्र में भी व्यापक रूप से अपनी विशेषज्ञता प्रदान करने के लिए कहा गया है।

2. कर्तव्यों का घोषणा पत्र:

राष्ट्रीय मानचित्रण नीति (एन. एम. पी.) 2005 के अंतर्गत भारतीय सर्वेक्षण विभाग को राष्ट्रीय स्थलाकृतिक डाटा आधार (एन. टी. डी. बी.) के रख रखाव और उस तक पहुंच की अनुमति देने और उपलब्ध कराने का प्रबंध करने का उत्तरदायित्व सौंपा गया है। एन. टी. डी. बी. के अंतर्गत निम्नलिखित डाटा सेट शामिल है:

(ए) राष्ट्रीय स्थानिक संदर्भ फ्रेम :

i. कंटिन्यूअसली ऑपरेटिंग रिफरेन्स स्टेशन्स (सी. ओ. आर. एस.) नेटवर्क।
ii. संपूर्ण देश में 25 –30 कि.मी. पर राष्ट्रीय भू –नियंत्रण बिंदुओं (जी. सी. पी.) लाइब्रेरी।
iii. संपूर्ण देश में 35 –40 कि.मी. पर परिशुद्ध तल चिह्न।
iv. परिशुद्ध नियंत्रण (क्षैतिज तथा उर्ध्वाधर) के लिए ज्योडीय सर्वेक्षण।
v. पड़ोसी देशों के साथ अच्छे सम्बन्धों के उद्दे य से म्यांमार, ईरान, श्रीलंका और ओमान की सल्तनत के पत्तनों सहित हिन्द महासागर, अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में 44 पत्तनों की ज्वारीय प्रागुक्तियाँ तथा तट रेखा और द्वीपों के साथ–साथ ज्वारीय डाटा का संग्रहण।
vi. संपूर्ण देश में भू–भौतिकीय या गुरूत्व सर्वेक्षण।
vii. संपूर्ण देश में भू–चुंबकीय सर्वेक्षण।

(बी) नेशनल डिजिटल एलिवेशन मॉडल (डी. ई. एम.)

i. देश के ±10 मीटर परिशुद्ध नेशनल डी. ई. एम. प्रयोग के लिए उपलब्ध है।
ii. विभिन्न परियोजनाओं के अंतर्गत मैप किए गए क्षेत्रों का ± 3–5 मी० परिशुद्धता के साथ उच्च विभेदन डी. ई. एम.।
iii. देश की विभिन्न परियोजनाओं के अंतर्गत मैप किए गए क्षेत्रों का ± 50 से.मी. परिशुद्धता के साथ अत्यंत उच्च विभेदन डी. ई. एम.।

(सी) नेशनल टोपोग्राफिकल टेम्प्लेट :

i. सभी पैमानों पर स्थलाकृतिक मानचित्र तैयार करना।
ii. भौगोलिक मानचित्रों जैसे – रेलवे मानचित्र, सड़क मानचित्र, राजनैतिक मानचित्र, भौतिक मानचित्र आदि का संकलन/मानचित्रण और उत्पादन।
iii. विकास परियोजनाओं जैसे– ऊर्जा और सिंचाई, खनिज अन्वेषण, शहरी और ग्रामीण विकास आदि के लिए सर्वेक्षण।
iv. हवाई पत्तन/भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के एयर फील्ड/नौसेना/तटरक्षक के लिए विशेष प्रयोजन सर्वेक्षण सहित वैमानिक चार्टों को तैयार/अधतन करना।
v. भारतीय वायुसेना के लिए 1:0.5/1/2/10 मिलियन पैमाने तथा फ्लिप बुक ।। पर मानचित्र तैयार करना।
vi. एन डी एम ए (डी ए म ए सी टी –2005 के अनुसार एन डी एम ए योजना 2016) के लिए आपदा न्यूनीकरण मानचित्र और उच्च रिजॉल्यूशन डाटा।
vii. नदी टोपोलाजी की मैपिंग ।
viii. उच्च रिजॉल्यूशन या बड़े पैमाने पर जी.आई.एस डेटा सेट ।

(डी) प्रशासनिक सीमांए :

i. प्राइवेट प्रकाशकों सहित अन्य एजेंसियों द्वारा प्रकाशित मानचित्रों पर अन्तर्राष्ट्रीय सीमा (आई.बी) सर्वेक्षण/सीमांकन/पुनः स्थापन, आई.बी स्ट्रिप मानचित्र तैयार करना, मानचित्रों पर भारत की सही बाह्य सीमाओं का चित्रण, भारत की सही बाह्य सीमाओं/तट रेखा की संवीक्षा और प्रमाणीकरण तथा अन्तर्राष्ट्रीय सीमा मामलों के संबंध में विदेश मंत्रालय को सलाह देना ।

ii. अन्तर्राज्यीय सीमा सर्वेक्षण/सीमांकन/पुनःस्थाापन आई एस. बी स्ट्रिप मानचित्र तैयार करना।

iii. अन्तर्राज्यीय सीमा मामलों में गृह मंत्रालय/माननीय उच्चतम न्यायालय/उच्च न्यायालय अन्य न्यायालयों को सलाह देना।

iv. ग्राम स्तर पर प्रशासनिक सीमा डेटा तैयार करना ।

v. तटीय विनियम क्षेत्र अधिसूचना दिनांक 02 जुलाई, 2018, एम ओ0 ई0 एफ एंड सी.सी. के अनुसार भारतीय तटबन्धों के साथ–साथ हैजर्ड लाइन का सीमांकन ।

(ई) टोपोनॉमी (स्थान नाम):

भारतीय सर्वेक्षण विभाग, भारत सरकार ,गृह मंत्रालय को मानकीकृत भौगोलिक नामों यथा नए अथवा रेलवे स्टेशनों के नाम सहित परिवर्तित स्थानों के नाम उपलब्ध कराने के लिए उत्तरदायी है। ये नाम फील्ड सत्यापित होते हैं ताकि सरकार द्वारा अनुमोदित प्रणाली के अनुसार लिप्यंतरण के साथ वर्तनी में भाषाई ध्वन्यात्मकता सुनिश्चित की जा सकी।

अन्य प्रमुख कार्यकलाप :

i. समाज के सभी वर्गों द्वारा भागीदारी और अन्य साधनों के माध्यम से भू–स्थानिक जानकारी और समझ के उपयोग का संवर्धन और ज्ञान आधारित समाज के लिए कार्य करना भारतीय सर्वेक्षण विभाग की जिम्मेदारी है।

ii. मुद्रित डिजिटल मानचित्रों के अतिरिक्त भू–स्थाानिक सेवाओं, पोर्टल, मोबाइल एप्स इत्यादि के माध्यम से डाटा पहुँच की अनुमति देना।

iii. भारतीय सर्वेक्षण विभाग, केन्द्र और राज्य सरकार के अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण देना।

iv तीसरी दुनिया के देशों जैसे नाइजीरिया, अफगानिस्तान, केन्या, इराक, नेपाल, श्रीलंका, जिम्बाब्वे, इन्डोनेशिया, भूटान, म्यांमार और मॉरिशस आदि को सर्वेक्षण और मानचित्रकला तथा सर्वेक्षण शिक्षा के विभिन्न विषयों में तकनीकी जानकारी और विशेषज्ञता उपलब्ध कराकर सहायता देना।

उपर्युक्त कार्यकलापों के अतिरिक्त भारत के महासर्वेक्षक निम्नलिखित विशेषज्ञ ग्रुपों समितियों/उच्च स्तरीय फोरम से संबद्ध है :

i. सभी यूनाइटेड नेशन्स ग्रुप, हाई लेवल फोरम, समिति डिविजन, कार्टोग्राफी पर अधिवेशन और सम्मेलन, भू–सूचना प्रबंधन एवं सर्वेक्षण और टोपोनॉमी में भारतीय प्रदर्शन का सदस्य/प्रतिनिधि मंडल के प्रमुख के रूप में।

ii. गृह मंत्रालय, उच्चतम न्यायालय, उच्च न्यायालय और अन्य न्यायालय द्वारा अग्रेषित अन्तर्राज्यीय सीमाओं (आई एस बी) के विवाद संकल्प से संबंधित मामलों का भारत के महासर्वेक्षक द्वारा नेतृत्व करना।

iii. भारत के महासर्वेक्षक द्वारा निम्नलिखित अन्तर्राष्ट्रीय सीमा बैठकों की अध्यक्षता करना :

- हैड्स ऑफ सर्वे डिपार्टमेंट (एच.ओ.एस.डी) : भारत और म्यांमार
- बाउन्ड्री वर्किंग ग्रुप (बी.डब्यूस..जी) : भारत और नेपाल
- ज्वांइट बाउन्ड्री कान्फ्रेंस (जे.बी.सी) : भारत और बांग्लादेश

3. राष्ट्रीय मानचित्रण नीति – 2005:

प्रस्तावना :

सभी सामाजिक–आर्थिक विकासात्मक कार्यकलापों, प्राकृतिक संसाधनों का सरंक्षण, आपदा से बचाव की तैयारी की योजना और आधारिक संरचना के विकास के लिए उच्च गुणवत्ता के स्थानिक आंकड़ों की आवश्यकता होती है। अंकीय प्रौद्योगिकियों में हुई प्रगति ने विविध स्थानिक आंकड़ा आधारों का उपयोग एकीकृत रूप में करना अब संभव कर दिया है। सम्पूर्ण देश व स्थलाकृतिक मानचित्र डाटा आधार, जो कि सभी स्थानिक आंकड़ा की नींव हैं, को बनाने, इसके रख–रखाव और प्रसार का उत्तरदायित्व

भारतीय सर्वेक्षण विभाग का है । हाल ही में, भारतीय सर्वेक्षण विभाग को राष्ट्रीय सुरक्षा को जोखिम में डाले बिना उपयोगकर्ता समूह की स्थानिक आंकड़ा तक पहुंच को उदार बनाने के लिए अग्रणी भूमिका सौंपी गई है। इस भूमिका के निर्वहन में मानचित्रों और स्थानिक आंकड़ा के प्रसार की नीति स्पष्ट होनी चाहिए ।

उद्देश्य :

राष्ट्रीय मानकों के अनुरुप भारतीय सर्वेक्षण विभाग के राष्ट्रीय स्थलाकृतिक डाटा आधार (एन0टी0डी0बी0) का रखरखाव और उस तक पहुंच की अनुमति देना और उपलब्ध कराने का प्रबन्ध करना।

समाज के सभी वर्गों द्वारा भागीदारी और अन्य साधनों के माध्यम से भू–स्थानिक जानकारी और समझ के उपयोग का संवर्धन और ज्ञान आधारित समाज के लिए कार्य करना।

मानचित्रों की दोहरी सीरीज :

यह सुनिश्चित करने के लिए कि इस नीति की प्रगति में राष्ट्रीय सुरक्षा के उद्देश्य पूर्णतः अभिरक्षित हैं, यह निर्णय लिया गया है कि मानचित्रों की दो सीरीज होंगी अर्थात्:–

(ए) रक्षा सीरीज मानचित्र (डी0एस0एम0) :

ये विभिन्न पैमानों पर परिशुद्धता को कम किए बिना ऊंचाई, समोच्च रेखाएं और पूर्ण अन्तर्वस्तु सहित स्थलाकृतिक मानचित्र (एवरेस्ट / डब्ल्यू जी0एस0–84 आधार और बहुशंकुक (पोलिकोनिक) / यू0टी0एम0 प्रेक्षप पर) होंगे। ये मानचित्र मुख्यतः रक्षा सेनाओं और राष्ट्रीय सुरक्षा की आवश्यकताओं की पूर्ति करेंगे।

सम्पूर्ण देश के लिए मानचित्रों की यह सीरीज (एनालॉग तथा अंकीय रूप में) उपयुक्त रुप से वर्गीकृत किए जाएंगे और इनके उपयोग के संबंध में रक्षा मंत्रालय द्वारा दिशा–निर्देश तैयार किए जाएंगे।

(बी) ओपन सीरीज मानचित्र (ओ0एस0एम0):

ओपन सीरीज मानचित्र मुख्यतः देश में विकास कार्यकलापों में सहायता देने के लिए पूर्णतः भारतीय सर्वेक्षण विभाग द्वारा प्रकाशित किए जाएंगे। ओपन सीरीज मानचित्रों का मानचित्र शीट संख्यांकन अलग होगा और ये डब्ल्यू जी0एस0–84 आधार पर यू0टी0एम0 प्रेक्षप में होंगे । ओपन सीरीज मानचित्रों के प्रत्येक मानचित्र (हार्ड कॉपी और अंकीय रूप दोनों में) रक्षा मंत्रालय से एक बार निर्बाधन (क्लियरेंस) प्राप्त करने के बाद 'अप्रतिबंधित' हो जाएंगे। ओपन सीरीज मानचित्रों की अन्तर्वस्तु अनुबंध 'बी' में दिए गए अनुसार होगी। भारतीय सर्वेक्षण विभाग यह सुनिश्चित करेगा कि ओपन सीरीज मानचित्रों में कोई असैनिक और सैन्य सुभेद्य (VA's) और सुभेद्य महत्वपूर्ण बिन्दु (VP'S) नहीं दर्शाए गए हैं। भारतीय सर्वेक्षण विभाग समय–समय पर ओपन सीरीज मानचित्रों के सभी पहलुओं के संबंध में जैसे–उपयोगकर्ता ऐजेंसियों द्वारा इन तक पहुंच के लिए प्रक्रिया, इनका आगे प्रसार / उपयोगकर्ता एजेंसियों द्वारा उपयोगिता बढ़ाकर अथवा बिना उपयोगिता बढाए ओपन सीरीज मानचित्रों की हिस्सेदारी और डाटा और अन्य आनुशंगिक मामलों में भारतीय सर्वेक्षण विभाग के व्यवसाय और वाणिज्यिक रुचि का संरक्षण करते हुए उपाय के लिए विस्तृत दिशा–निर्देश जारी करेगा। उपयोगकर्ताओं को हार्डकॉपी और वेब पर जी0आई0एस0 डाटा बेस सहित अथवा इसके बिना मानचित्र प्रकाशित करने की अनुमति होगी। तथापि, यदि मानचित्र पर अंतर्राष्ट्रीय सीमा दर्शाई गई है, तो भारतीय सर्वेक्षण विभाग से प्रमाणीकरण आवश्यक होगा। इसके अतिरिक्त, भारतीय सर्वेक्षण विभाग वर्तमान में शहरी मानचित्र तैयार कर रहा है। ये शहरी मानचित्र बृहत पैमाने पर डब्ल्यू0जी0एस0–84 आधार पर और सार्वजनिक क्षेत्र में होंगे । ऐसे मानचित्रों की अन्तर्वस्तु रक्षा मंत्रालय से परामर्श करके भारतीय सर्वेक्षण विभाग द्वारा निर्धारित की जाएगी।

राष्ट्रीय स्थलाकृतिक डाटा आधार (एन0टी0डी0बी0) :

भारतीय सर्वेक्षण विभाग निम्नलिखित डाटा सेटों सहित एनालॉग और अंकीय आकार में राष्ट्रीय स्थलाकृतिक डाटा आधार (एन0टी0डी0बी0) का सृजन, विकास और रख–रखाव करता रहेगा :–

(ए) राष्ट्रीय स्थानिक संदर्भ ढांचा
(बी) राष्ट्रीय अंकीय उच्चता मॉडल
(सी) राष्ट्रीय स्थलाकृतिक टेम्पलेट
(डी) प्रशासनिक सीमाएं और
(ई) टोपोनिमि (स्थान नाम)

रक्षा सीरीज मानचित्र और ओपन सीरीज मानचित्र एन0टी0डी0बी0 से तैयार किए जाएंगे ।

मानचित्र प्रसार और उपयोग :

भारतीय सर्वेक्षण विभाग ब्रिक्री द्वारा अथवा किसी भी ऐजेंसी के साथ करार द्वारा विशिष्ट अन्तिम उपयोग के लिए 1:1 मिलियन से बड़े पैमाने की ओपन सीरीज के मानचित्रों को ऐनालॉग अथवा अंकीय फार्मेट में प्रसारित कर सकता है। इस कार्रवाई को प्राप्त करने वाली एजेंसी और अन्तिम उपयोग के प्रयोजन आदि के ब्यौरे सहित रजिस्ट्रेशन डाटा बेस में पंजीकृत किया जाएगा।

4. नेशनल डाटा शेयरिंग एक्सेसिबिलिटी पॉलिसी (एन0डी0एस0ए0पी) – 2012 :

प्रस्तावना :

संपत्ति और डाटा की महत्वपूर्ण क्षमता को हर स्तर पर विस्तृत पहचान मिलती है। लोक निवेश द्वारा एकत्रित या तैयार किए गए डाटा की क्षमता को यदि आम जनता के लिए उपलब्ध कराया जाए तथा समय–समय पर उसका रख–रखाव किया जाए तो इसे और अधिक व्यावहारिक बनाया जा सकता है। राष्ट्रीय परिचर्चा, अच्छा निर्णय लेने तथा समाज की जरूरतों को पूरा करने हेतु लोक संसाधनों द्वारा संकलित डाटा को आसानी से उपलब्ध कराने की मांग समाज में बढ़ती जा रही है।

देश में विभिन्न संगठनों/संस्थानों द्वारा लोक निवेश के माध्यम से संकलित डाटा का अधिकांश भाग सिविल सोसाइटी की पहुँच से परे है जबकि इस प्रकार के डाटा का अधिकांश भाग संवेदनशील नहीं है और आम जनता को वैज्ञानिक, आर्थिक तथा विकासात्मक उद्देश्यों हेतु दिया जा सकता है। नेशनल डाटा शेयरिंग एक्सेसिबिलिटी पॉलिसी (एन0डी0एस0ए0पी0) को इस प्रकार तैयार किया गया है ताकि भारत सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा लोक निवेश के माध्यम से उत्पादित साझा करने योग्य असंवेदनशील डाटा को डिजिटल या एनॉलाग रूप में आम जनता को उपलब्ध कराया जा सके। राष्ट्रीय योजना एवं विकास कार्यों के लिए भारत सरकार के स्वामित्व वाले डाटा पर पहुंच बनाने तथा उसे साझा करने की प्रक्रिया को विकसित करने के लिए एन0डी0एस0ए0पी0 पॉलिसी तैयार की गई है।

उद्देश्य :

इस पॉलिसी का उद्देश्य भारत सरकार के स्वामित्व वाले मनुश्य तथा मशीन द्वारा पठनीय साझा करने योग्य डाटा और सूचना को अतिसक्रिय तथा समय–समय पर आद्यातित नेटवर्क के माध्यम से तथा विभिन्न संबंधित पॉलिसियों के अंतर्गत आम जनता की पहुंच को आसान बनाना है। भारत सरकार के नियम और अधिनियम जिनके द्वारा विस्तृत पहुंच और सार्वजनिक डाटा और सूचना के उपयोग की अनुमति मिलती है।

5. नागरिक घोषणापत्रः

भारत सरकार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधीन भारतीय सर्वेक्षण विभाग एक ऐसा राष्ट्रीय सर्वेक्षण और मानचित्रण संगठन है जिसे राष्ट्रीय सुरक्षा को जोखिम में डाले बिना उपयोगकर्ता समूह की स्थानिक आंकड़ा तक पहुँच उदार बनाने के लिए अग्रणी भूमिका सौंपी गई है। संपूर्ण देश के स्थलाकृतिक मानचित्र डाटा आधार, जो कि सभी स्थानिक डाटा की नींव हैं, को बनाने, इसके रख–रखाव और प्रसार का उत्तरदायित्व भारतीय सर्वेक्षण विभाग का है। अतः अपनी सेवाओं की उपलब्धता को बढ़ाने के लिए भारतीय सर्वेक्षण विभाग ने नागरिक घोषणापत्र प्रतिपादित करने का निर्णय लिया है।

यह घोषणापत्र पब्लिक, सरकारी, निजी संगठनों और अन्य स्टेकहोल्डरों के लाभ के लिए राष्ट्रीय मानचित्रण नीति के प्रतिपादन और कार्यान्वयन में विशिष्टता प्राप्त करने के संबंध में हमारे दृष्टिकोण, मूल्यों और मानकों का घोषणापत्र है । यह नागरिक घोषणापत्र हमारी दक्षता की कसौटी के साथ–साथ एक सक्रिय दस्तावेज होगा । जिसे 5 वर्ष में कम से कम एक बार पुनरीक्षित किया जा सकेगा।

हमारी कार्यनीति :

अपने मिशन को प्राप्त करने के लिए हमारी कार्यनीति में निम्नलिखित कार्य शामिल हैः–

- उत्पाद / डाटा का स्तर निर्धारण।
- सूचना प्रौद्योगिकी के प्रयोग को बढ़ावा देना।
- सेवा उपलब्धता स्तर की अनुरूपता या मापन करना।
- अन्य सरकारी और प्राइवेट एजेंसियों के साथ सहयोगात्मक पहल करना।

हमारे ग्राहक :

सेना/सुरक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी, शिक्षा और अनुसंधान नौवहन, पर्यटन, आपदा प्रबंधन, इंजीनियरिंग और उत्पादन, पर्यावरण, खनन, वेधन, विकास, कृषि, मत्स्य जनोपयोगी सेवाओं आदि क्षेत्रों से जुड़े सरकारी और निजी संगठनों के साथ–साथ प्राइवेट व्यक्ति हैं।

हमारी अपेक्षाएं :

हम नागरिकों से अपेक्षा करते हैं कि वे

- भू–स्थानिक डाटा प्रसार संचालित करने वाले नियमों और विनियमों को प्रोत्साहित कर आदर करेंगे।
- अपने कार्यों और विधिक दायित्वों को समय पर पूरा करेंगे।
- सूचना प्रस्तुत करने में ईमानदारी बरतेंगे।
- पूछताछ और सत्यापन में सहयोगी और स्पष्टवादी बनेंगे।
- अनावश्यक मुकदमेबाजी से बचेंगे।

इससे हमें प्रभावी और कार्यकुशल तरीके से राष्ट्र की सेवा करने में मदद मिलेगी।

हमारी वचनबद्धता :

हम प्रयास करते हैं कि हम–

- अपने देश की सेवा में लगे रहेंगे।
- राष्ट्र की सुरक्षा के लिए कार्य करना सुनिश्चित करेंगे।
- अपनी प्रक्रियाओं और कार्य संपादन को जहां तक संभव हो पारदर्शी बनाएंगे।
- अपने कार्यों को कार्यान्वित करेंगे –
  - सत्यनिष्ठा और विवेकसम्मत से
  - निष्पक्षता और ईमानदारी से
  - शिष्टाचार और समझदारी से
  - वस्तुनिष्ठता और पारदर्शिता से
  - शीघ्रता और दक्षता से

6. अंतराष्ट्रीय सीमांए :

(I) सीमा सर्वेक्षण कार्य :

भारतीय सर्वेक्षण विभाग विदेश मंत्रालय की ओर से सीमा सर्वेक्षण कार्य जैसे–सीमा सत्यापन, नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, म्यांमार, पाकिस्तान और चीन की अंतरराष्ट्रीय सीमा के सीमा स्तंभों के पुनः स्थापन का कार्य करता है । भारतीय सर्वेक्षण विभाग राज्य सरकार और भारत सरकार को अंतराष्ट्रीय सीमा और राज्य/संघ शासित क्षेत्रों की सीमाओं के मामले में भी सलाह देता है तथा विभागातिरिक्त कार्य के रूप में विवादों के निराकरण के लिए आवश्यकतानुसार सर्वेक्षण कार्य करता है।

अंतराष्ट्रीय सीमा से संबंधित सर्वेक्षण कार्य निम्न प्रकार किए गए :–

- भारत–भूटान सीमा के साथ सीमा स्तंभों का संयुक्त निरीक्षण/रख–रखाव।
- भारत–म्यांमार सीमा के साथ सीमा स्तंभों का संयुक्त निरीक्षण/रख–रखाव।
- भारत–पाक सीमा (पंजाब और राजस्थान सेक्टर) के साथ अविद्यमान स्तंभों का संयुक्त सर्वेक्षण निर्माण/पुनःस्थापन।

पंजाब सेक्टर

मालारेखा (रेखीय कि0मी0)	मालारेखा (स्टेशन)	स्तंभ
86.94	270	71

- भारत–नेपाल सीमा के साथ संयुक्त सर्वेक्षण निर्माण/अविद्यमान स्तंभों का पुनः स्थापन तथा जी0पी0एस0 द्वारा समन्वय।

(ii) संयुक्त सीमा बैठक :

(ए) भारत–म्यांमार सीमा :

- भारत और म्यांमार के बीच 21 और 22 सितम्बर, 2017 के दौरान देहरादून में दूसरी संयुक्त सीमा कार्यकारी ग्रुप (जे0बी0डब्ल्यू0जी0) की बैठक हुई। मेजर जनरल वी0पी0 श्रीवास्तव, भारत के महासर्वेक्षक ने इस प्रतिनिधिमंडल में भारतीय सर्वेक्षण विभाग का प्रतिनिधित्व किया।
- भारत और म्यांमार के बीच 21वीं राष्ट्रीय स्तरीय बैठक (एन0एल0एम0) का अयोजन 06 से 07 जुलाई, 2017 को म्यांमार में किया। इस बैठक में भारतीय सर्वेक्षण विभाग का प्रतिनिधित्व श्री एस0 के0 सिन्हा, निदेशक, अंतरराष्ट्रीय सीमा निदेशालय (म0स0का0), नई दिल्ली ने किया।
- भारत और म्यांमार के बीच निदेशक स्तरीय बैठक का आयोजन 27 से 28 अक्टूबर, 2017 को तमू (म्यांमार) में किया गया। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व श्री निर्मलेंदु कुमार, निदेशक, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश भू–स्थानिक आंकड़ा केन्द्र शिलांग द्वारा किया गया। म्यांमार प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व उज़ या ट्वे, निदेशक, सर्वेक्षण विभाग, प्राकृतिक संसाधन और पर्यावरण संरक्षण, म्यांमार सरकार द्वारा किया गया।
- भारत और म्यांमार के बीच 23वीं सेक्टर लेवल बैठक का अयोजन 08 से 09 जनवरी, 2018 को नई दिल्ली में किया गया। इस बैठक में श्री निर्मलेन्दु कुमार, निदेशक, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश भू–स्थानिक आंकड़ा केन्द्र शिलांग ने भारतीय सर्वेक्षण विभाग का प्रतिनिधित्व किया।

भारत म्यांमार सीमा बैठक

(बी) भारत–बांग्लादेश सीमा :

इस अवधि के दौरान कोई बैठक का अयोजन नहीं किया गया।

(सी) भारत–पाकिस्तान सीमा :

- लेफ्टिनेंट कर्नल के0 ए0 ग्रेवाल, अधीक्षक सर्वेक्षक और मेजर सिद्धार्थ शेरवावत, अधीक्षक सर्वेक्षक ने 03 नवम्बर, 2017 को जे0सी0पी0 अटारी (भारत की ओर) में आयोजित भारत–पाक सीमा पर सीमा स्तंभों के पुनर्गठन के सर्वेक्षण कार्य के लिए संयुक्त स्टाफ अधिकारी स्तर की बैठक में भाग लिया।

- भारत–पाक सीमा के साथ टूटे हुए/अविद्यमान/उखडे हुए और बेरिएड सीमा स्तंभों की मरम्मत, पुनः स्थापन के संबंध में 08 से 10 नवम्बर, 2017 को नई दिल्ली (भारत) में महानिदेशक सीमा सुरक्षा बल और महानिदेशक पाक रेंजर के मध्य महानिदेशक स्तरीय द्वि–वार्षिक बैठक का आयोजन किया गया।

- श्री चंद्र पाल, निदेशक, और श्री आर0 एम0 घिल्डियाल, अधीक्षक सर्वेक्षक ने 12 से 14 मार्च, 2018 तक सीमा स्तंभ सं0 191/8 और 188/8 पर भारत–पाक सीमा पुनः स्थापन कार्य के लिए संयुक्त निदेशकों के निरीक्षण में भाग लिया।

(डी) भारत–नेपाल सीमा :

- भारत और नेपाल के बीच छठे सर्वेक्षण कार्मिक समिति (एस0ओ0सी0) की बैठक 21 से 23 जून, 2017 के दौरान काठमांडू (नेपाल) में आयोजित की गई। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व श्री राजीव श्रीवास्तव, निदेशक, उत्तराखण्ड एवं पश्चिम उत्तर प्रदेश भू–स्थानिक आंकड़ा केन्द्र तथा नेपाली प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व श्री सुरेश मान श्रेष्ठ, स्थलाकृतिक सर्वेक्षण डिवीजन के उप महानिदेशक, नेपाल सरकार के सर्वेक्षण विभाग द्वारा किया गया।
- भारत और नेपाल के बीच चौथी बाउंड्री वर्किंग ग्रुप (बी0डब्ल्यू0सी0) की बैठक 28 से 30 अगस्त, 2017 तक देहरादून में अयोजित की गई। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व मेजर जनरल बी0पी0 श्रीवास्तव, भारत के महासर्वेक्षक तथा नेपाली प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व श्री गणेश प्रसाद भट्ट, महानिदेशक, सर्वेक्षण विभाग, नेपाल सरकार द्वारा किया गया।

भारत और नेपाल के बीच सातवीं सर्वेक्षण कार्मिक समिति (एस0ओ0सी0) की बैठक

- 13 से 15 सितम्बर, 2017 तक देहरादून में आयोजित की गई। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व श्री आर0 के0 मीना, निदेशक, उत्तराखण्ड और पश्चिम उत्तर प्रदेश भू–स्थानिक आंकड़ा केन्द्र द्वारा किया गया जबकि नेपाली प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व श्री सुरेश मान श्रेष्ठ, स्थलाकृतिक सर्वेक्षण डिवीजन के उप महानिदेशक, नेपाल सरकार के सर्वेक्षण विभाग द्वारा किया गया।

(ई) भारत–भूटान सीमा :

- 5 और 6 अक्टूबर, 2016 को फुनशोलिंग भूटान मे संयुक्त तकनीकी स्तर की बैठक का आयोजन किया गया। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व श्री निर्मलेन्दु कुमार, निदेशक, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश, भू–स्थानिक आंकड़ा केन्द्र, शिलांग द्वारा किया गया। भूटान प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व श्री चोकी खोरलो, महानिदेशक अंतर्राष्ट्रीय सीमाएं, भूटान सर्वेक्षण, भूटान की शाही सरकार द्वारा किया गया।
- 13 से 14 नवंम्बर, 2017 तक थिंम्पू (भूटान) में भारत और भूटान के बीच 12वीं सचिव स्तर की बैठक का अयोजन किया गया । इस बैठक में श्री निर्मलेन्दु कुमार, निदेशक, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश भू–स्थानिक आंकड़ा केन्द्र, शिलांग ने भारतीय प्रतिनिधिमंडल के रुप में भाग लिया।

7 भारतीय सर्वेक्षण विभाग में तकनीकी कार्यकलाप :

7.1 विभिन्न पैमानों पर राष्ट्रीय स्थलाकृतिक अंकीय डाटाबेस का उत्पादन :

सम्पूर्ण देश का 1:250K, 50K और देश के कुछ भागों का 1:25K पैमाने पर राष्ट्रीय अंकीय स्थलाकृतिक डाटा बेस कार्य पहले ही पूरा हो चुका है शेष बचे वर्तमान मानचित्रों का 1:25K पैमाने पर हार्ड कॉपी में उपलब्ध अंकीय स्थलाकृतिक डाटा बेस जैसे मुद्रित मानचित्र, पीटी सेक्शन, हवाई सर्वेक्षण सेक्शन, स्क्राइबिंग सेक्शन इत्यादि का उत्पादन कार्य प्रगति पर है।

वर्ष के दौरान 1:25K पैमान पर अंकीयकरण की प्रगति निम्नलिखित है :

अंकीयकरण (शीटें)	ओ.एस.एम.की तैयारी (शीटें)
353	334

7.2 विभिन्न पैमानों पर राष्ट्रीय स्थलाकृतिक डाटाबेस का अद्यतनीकरण :

भारतीय सर्वेक्षण विभाग देश की राष्ट्रीय मानचित्रण एजेंसी (एन0एम0ए0) है जिसका दायित्व यह सुनिश्चित करना है कि देश की भू–सम्पत्ति का उचित रूप से सर्वेक्षण और मानचित्रण किया गया है। भारतीय सर्वेक्षण विभाग देश के भू–स्थानिक आंकड़े की सुरक्षा और विकासात्मक आवश्यकताओं के लिए 1:25K, 50K, 250K पैमान पर स्थलाकृतिक आधार मानचित्र उपलब्ध कराता है।

राष्ट्र के सामाजिक–आर्थिक विकासात्मक कार्यकलाप, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण, आपदा से बचाने की तैयारी की योजना, शीघ्र संरचना और विकास कार्यों के लिए उच्च गुणवत्ता के स्थानिक आंकड़ों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए भारतीय सर्वेक्षण विभाग उच्च परिशुद्ध सेटेलाइट इमेजरी (एचआरएसआई) का प्रयोग करते हुए सभी भू–स्थानिक आंकड़ा केन्द्रों द्वारा भूमि पर संशोधन सर्वेक्षण कर पूर्व–क्षेत्र अद्यतन सहित आधुनिक ओ.एम.एम. और डी.एस.एम. डाटासेट्स (डीटीडीबी और डीसीडीबी) तैयार करने का कार्य करता है।

भारतीय सर्वेक्षण विभाग ने 1:250K, 1:50K और 1:25K पैमाने के निम्नलिखित स्थलाकृतिक डाटा के अद्यतन का कार्य पूरा कर लिया है।

1:250K पैमाना

1:50K घटकों के प्रयोग द्वारा अद्यतनीकरण (शीटें)	डी0टी0डी0बी0 (शीटें)	डी0टी0डी0बी0 (शीटें)
13	13	13

1:50K पैमाना

प्री–फील्ड अद्यतन (शीटें)	पुनरीक्षण सर्वेक्षण (शीटें)
15	16

1:25K पैमाना

प्री–फील्ड अद्यतन (शीटें)	पुनरीक्षण सर्वेक्षण (शीटें)	पोस्ट–फील्ड अद्यतनिकरण (शीटें)
97	39	39

7.3 ओ.एस.एम. हिंदी और ओ.एस.एम. क्षेत्रीय भाषा में रूपान्तर :

भारतीय सर्वेक्षण विभाग ने 1:50,000 पैमाने पर ओपन सीरीज मानचित्रों (ओ.एस.एम.) के अंग्रेजी रूपान्तर का कार्य पूरा कर लिया है और उपयोगकर्ताओं के प्रयोग के लिए उपलब्ध करा दिए हैं। ओ.एस.एम. हिंदी और क्षेत्रीय भाषा रूपान्तर की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए ओ.एस.एम. हिंदी और ओ.एस.एम. (क्षेत्रीय भाषा) में तैयार करने का कार्य निम्नवत् किया जा रहा है :–

ओ.एस.एम. हिंदी (शीटें) मुद्रित	ओ.एस.एम. क्षेत्रीय भाषा (शीटें)
23	

7.4 राज्य / गाइड मानचित्र :

राज्य मानचित्र	गाइड मानचित्र	अन्य मानचित्र
आंध्र प्रदेश द्वितीय संस्करण	तिरुमला तिरूपति भावनगर	भारत का राजनैतिक मानचित्र अंग्रेजी सातवां संस्करण तथा हिंदी पांचवा संस्करण
कर्नाटक (हिंदी और कन्नड़)	चंडीगढ अंबाला	भारत का रेलवे मानचित्र अंग्रेजी 28वां संस्करण तथा हिंदी 25वां संस्करण

7.5 ज्योडीय और भू–भौतिकीय :

(i) ज्योडीय नियंत्रण :

विभाग द्वारा विभिन्न संरचनाओं के संरेखण को नियत करने, बांध विरूपण अध्ययन, भूपर्पटी संचलन अध्ययन तथा राष्ट्रीय विरासत के स्मारकों आदि के स्थायित्व के अनुवीक्षण के लिए क्षैतिज तथा उर्ध्वाधर नियंत्रण उपलब्ध कराने हेतु निम्नलिखित कार्य किए गए :–

- जी॰पी॰एस॰ लाइब्रेरी के लिए जी॰पी॰एस॰ प्रेक्षण – कार्य पूरा किया गया
- परियोजना सर्वेक्षण के लिए परिशुद्ध तलेक्षण – 326.68 रेखीय कि॰मी॰
- परियोजना सर्वेक्षण के लिए ई॰डी॰एम॰ दूरी – 3.378 रेखीय कि॰मी॰
- परियोजनाओं के लिए कोणीय प्रेक्षण – 159 स्टेशन
- परियोजना सर्वेक्षणों के लिए बेसों की संख्या – 8 बेस
- परियोजना सर्वेक्षणों के लिए जी0पी0एस0 प्रेक्षण – 85 स्टेशन
- गुरुत्व प्रेशण – 1225 स्टेशन

(ii) गुरूत्व :

जियोड मॉडल के लिए चंडीगढ और उसके आस पास के 59 स्टेशनों तथा उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखण्ड में राष्ट्रीय जलविज्ञान परियोजना (एन0एच0पी0) के लिए 10 कि0मी0 X 10 कि0मी0 मेश पर 1166 स्टेशन का अवलोकन किया गया।

(III) भू–चुंबकीय :

भू–चुंबकीय वेधशाला सभावाला – तीन भू–चुंबकीय घटकों यथा – क्षैतिज बल (एच॰एफ॰), ऊर्ध्वाधर बल (वी॰एफ॰), दिक्पात (डी) के रुपांतरण के लिए आस्कनिया और डी0ई0एम0 वेरियोमीटर द्वारा पूरे वर्ष स्वचालित रिकार्डिंग की गई। वेरियोग्राफों डाटा के आधार रेखा मान के नियंत्रण के लिए DIM और ENVI-Mag से परिशुद्ध मापन किया गया तथा अन्य सरकारी विभागों को भी वैज्ञानिक अध्ययनों के लिए डाटा उपलब्ध करवाया गया।

(Iv) ज्वारीय क्रियाकलाप :

भारतीय सर्वेक्षण विभाग भारतीय तट और द्वीप समूहों के साथ स्थापित ज्वारीय वेधशालाओं की सीरीज का रखरखाव करता है। ज्वारीय प्रागुक्तियों के लिए नियमित आधार पर ज्वारीय प्रेक्षण किए जाते हैं। ज्वारीय वेधशालाओं में स्थापित ज्वारभाटा गेजों से उत्पन्न ज्वारीय डाटा गुणवत्ता नियंत्रित है तथा इसका प्रयोग हार्मोनिक घटकों के उन्नयन के लिए किया जाता है। ये आंकड़े ज्वारीय प्रागुक्तियों के लिए प्रयोग किए जाते हैं।

जो भारतीय ज्वारीय सारणी भारतीय तट और द्वीपों के साथ आधुनिकीकरण और ज्वार भाटा गेज नेटवर्क के विस्तार का कार्य जारी है। भारत के समुद्र तट और कुल अपतट द्वीपों जैसे पोर्टब्लेयर नानकोवरी, कैम्पबैल बे, एरियल बे, हल्दिया, गार्डन रीच और मुम्बई, मरमेगाओ, कोचीन, न्यू मैंगलोर, कारवार, कांडला, वाडीनार, ओखा, चैन्नें, नागपट्टिनम, कुड्डालोर, कवारती एवं मिनिकोय के साथ स्थित विभिन्न ज्वारीय वेधशालाओं से संस्थापन, ज्वारभाटा गेजों और डाटा अर्जन का रख रखाव।

सुनामी आने के किसी संकेत अथवा भूविवर्तनिक और भूपर्पटी संचलन से संबंधित किसी आसन्न आपदा का पता लगाने के लिए राष्ट्रीय ज्वारीय डाटा केन्द्र/राष्ट्रीय जीपीएस डाटा केन्द्र पर विभाग के वीसेट नेटवर्क द्वारा रियल टाइम में प्राप्त ज्वारीय और जीपीएस डाटा को संसाधित किया जाता है।

7.6 भारतीय सर्वेक्षण विभाग की प्रमुख परियोजनाओं की प्रगति :

(i) हैजर्ड लाइन का मानचित्रण और निरूपण :

बढ़ती जनसंख्या, शहरीकरण और त्वरित विकासात्मक क्रियाकलापों के कारण हाल के वर्षों में तटीय पर्यावरण को अति महत्व दिया जा रहा है। पर्यावरण और वन मंत्रालय (एफओईएफ) ने "इंटीग्रेटेड कोस्टल जोन मैनेजमेंट" (आईसीजेडएम) नामक परियोजना" आरम्भ की है। परियोजना से भारत की आर्थिक संरचना जैसे समुद्रतटीय सुविधाएं,

पेट्रोलियम उद्योग, रिन्यूएबल ऊर्जा संसाधन, आयात आधारित उद्योग तथा तटरेखा के साथ स्थित समुदाय तथा उनकी संपत्ति की सुरक्षा में वृद्धि होगी। भारतीय सर्वेक्षण विभाग को तटरेखा से 7 किमी0 विस्तार तक मुख्य भूमि की ओर भारत के सम्पूर्ण तट की भूमि के लिए हैजर्ड लाइन की रुपरेखा बनाकर 1:10,000 पैमाने पर आधार मानचित्र के रूप में 0.5 मीटर ऊँचाई समोच्च रेखा मानचित्र बनाने का कार्य कर रहा है।

भारतीय सर्वेक्षण विभाग के आठ भू–स्था0 आं0 केन्द्र (गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, ओडिसा और पश्चिम बंगाल) के विभिन्न आईसीजेडएम कार्यकलापों जैसे फील्ड नियंत्रण, गुणता नियंत्रण, डाटा हैंडलिंग आदि कार्य कर रहे है।

नियंत्रण कार्य

जीपीएस प्रेक्षण	तलेक्षण	क्यू ए/क्यूसी	हवाई फोटोग्राफी	32 दिवसीय ज्वारीय प्रेक्षण
पूरा हो चुका है	पूरा हो चुका है	पूरा हो चुका है	पूरा हो चुका है	पूरा हो चुका है

क्षेत्रों अर्थात् (1,2,3 और 4) के लिए लक्षण निष्कर्षण का कार्य पूरा हो चुका है शेष 5,6, और 7 का कार्य विभिन्न चरणों में हैं ।

(ii) कोयला खदान परियोजना :

अंकीय फोटोग्राममितीय तकनीक पर आधारित जीआईएस अंकीय प्रारूप में उच्च परिशुद्ध हवाई फोटोग्राफी और उचित भू–सत्यापन का प्रयोग करते हुए 2 मीटर मैदानी क्षेत्र में और 3–5 मीटर पहाड़ी क्षेत्र के मामले में समोच्च अन्तराल सहित 1:5000 पैमाने पर मुख्य भारतीय कोयला क्षेत्रों (27 कोयला क्षेत्रों/5246 शीटें) के अद्यतन स्थलाकृतिक मानचित्र तैयार किए गए है।

भारतीय सर्वेक्षण विभाग द्वारा इस परियोजना में निम्नलिखित चरणों में कार्य किए गए।

भारतीय सर्वेक्षण विभाग के 7 भू–स्थानिक आंकड़ा केन्द्रों के द्वारा विभिन्न चरणों में लगातार कार्य किए जा रहे है।

- छत्तीसगढ़ भू–स्थानिक आंकड़ा केन्द्र
- झारखण्ड भू–स्थानिक आंकड़ा केन्द्र
- मध्य प्रदेश भू–स्थानिक आंकड़ा केन्द्र
- महाराष्ट्र एवं गोवा भू–स्थानिक आंकड़ा केन्द्र
- मेघालय और अरुणाचलप्रदेश भू–स्थानिक आंकड़ा केन्द्र
- ओडिसा भू–स्थानिक आंकड़ा केन्द्र
- पश्चिम बंगाल एवं सिक्किम भू–स्थानिक आंकड़ा केन्द्र



छत्तीसगढ़, ओडिसा, मध्य प्रदेश, झारखण्ड, महाराष्ट्र एवं गोवा, पश्चिम बंगाल और मेघालय एवं अरुणाचल प्रदेश भू–स्थानिक आंकड़ा केन्द्र और कार्य का कुछ भाग जैसे 2डी और 3डी लक्षण निष्कर्षण अन्य दूसरे भू–स्थानिक आंकड़ा केन्द्रों को वितरित किया गया ताकि परियोजना कार्य शीघ्रता से पूरा किया जा सके।

कार्य की वर्तमान स्थिति निम्नानुसार है :

प्राथमिक नियंत्रण :

12 घंटे जीपीएस प्रेक्षण (बिंदु)	डीटी तलेक्षण (रेखीय किमी0)
पूरा हो चुका है।	पूरा हो चुका है।

ब्लॉक नियंत्रण बिन्दु :

2 घंटे जीपीएस प्रेक्षण (बिंदु)	डीटी तलेक्षण (रेखीय किमी0)
पूरा हो चुका है।	पूरा हो चुका है।

विस्तृत सर्वेक्षण :

2डी लक्षण निष्कर्षण (शीटें)	3डी लक्षण निष्कर्षण (शीटें)	भू–सत्यापन (शीटें)	पोस्ट फील्ड अद्यतनीकरण (शीटें)
3832	3356	1840	1013

(III)उत्तराखण्ड (एमएएनयू) परियोजना में निकटवर्ती मानचित्र :

भारतीय सर्वेक्षण विभाग एमएनयू परियोजना में शामिल अन्य एजेंसियों द्वारा बृहत एवं सूक्ष्म (मैक्रो और माइक्रो) स्तर योजना और आपदा के पश्चात वैज्ञानिक एप्लीकेशन के लिए उत्तराखण्ड के 8,000 वर्ग किमी0 फैले आपदा प्रभावित क्षेत्र का 1:10 के पैमाने पर डिजीटल एलीवेशन मॉडल (डीईएम) और मानचित्र तैयार कर रहा है।

"चार धाम और पिंडर घाटी" के आपदा प्रभावित क्षेत्रों की एयर बोर्न लिडार और अंकीय हवाई फोटोग्राफी की आधुनिक तकनीकों का प्रयोग करते हुए क्षेत्र का अंशतः डाटा अर्जन कार्य पहले ही पूरा हो चुका है और गुणता नियंत्रण और सुपुर्दगी करने की प्रक्रिया के निम्नलिखित कार्य पूरे हो चुके है।

- कार्य पूरा हो चुका है अपरिश्कृत (कच्चा) डाटा की स्वीकृति दी गई है।
- डीईएम के लिए अन्तिम स्वीकृति परीक्षा का कार्य प्रगति पर है।
- मानचित्र लक्षण के लिए अन्तिम स्वीकृति परीक्षा का कार्य प्रगति पर है।

(Iv)राष्ट्रीय जल–विज्ञान परियोजना (एनएचपी) :

भारतीय सर्वेक्षण विभाग ने विभिन्न प्रकार के भू–स्थानिक डाटासेटों को चलाने, तैयार करने और उपलब्ध कराने के अर्थात् रिवर बेसिन क्षेत्रों (प्लेन) के लिए 0.5मी0, 5 मी0 और 10 मी0, नदी के दोनों तरफ 5 किमी0 तक और 1:25ज्ञ के पैमाने पर एस ओ आई टोपोशीट का जी आई एस तैयार डाटा का डिजिटल एलीवेशन मॉडल (डी ई एम) मानचित्र तैयार करने के लिए लिए राष्ट्रीय जल–विज्ञान परियोजना की स्कीम में एक सेंट्रल इम्प्लीमेंटेशन एजेंसी के रूप में पहचान बनाई है।

परियोजना में निम्नलिखित कार्य शामिल है।

- फ्लड मॉडलिंग के लिए 3–5 मी0 और 0.5 मी0 की ऊर्ध्वाधर परिशुद्धता का डी0ई0एम0
- 1:25 के पैमाने का अंकीय जियो–डाटाबेस
- 10 सेमी0 परिशुद्धता के जियोडल मॉडल का सृजन
- सीओआरएस नेटवर्क की स्थापना



(v) भारतीय वायुसेना के लिए विशेष सर्वेक्षण :

भारतीय सर्वेक्षण विभाग ने भारतीय वायुसेना के लिए आईएएफ–ओजीएम, आईएएफ, पीजीएम, आईएएफ–जेजीएम, लैंडिंग एप्रोच चार्ट (एलएसी), आईएएफ–एलएनसी आदि भी तैयार किया हैं और बाधा सूचक सर्वेक्षण कार्य किया है।

वर्ष के दौरान भारतीय सर्वेक्षण विभाग ने भारतीय वायु सेना के लिए निम्नलिखित मानचित्र और डाटा कार्य पूर्ण किया है।

आईएएफ–ओजीएम (शीटें)	आईएएफ–पीजीएम (शीटें)	आईएएफ–जेजीएम (शीटें)	आईएएफ–एलएनसी (शीटें)	लैंडिग एप्रोच चार्ट (चार्ट)
16	32	1	8	2

50 हवाई क्षेत्रों के लिए 1:50 के पैमाने पर भारतीय वायुसेना के लिए एआरपी से 30 एनएम के बाधासूचक सर्वेक्षण (ऑबस्ट्रक्शन सर्वे) सहित लैंडिग चार्टों का सत्यापन।

7.7 अन्य विशेष सर्वेक्षण परियोजनाएं :

वर्ष 2017–2018 के दौरान निम्नलिखित परियोजनाओं पर सर्वेक्षण कार्य जारी रहा / किया गया :

विशेष सर्वेक्षण परियोजनाएं

क्रम सं.	भू–स्थानिक आंकड़ा केन्द्र का नाम	विशेष सर्वेक्षण का नाम
1.	आंध्र प्रदेश	बरगेमपेड सिंचाई परियोजना
	–तदैव–	तेलंगाना राज्य का प्रशासनिक सीमा डेटा बेस तैयार करना
2.	हिमाचल प्रदेश	धर्मशाला जल विद्युत परियोजना
	–तदैव–	प्रान शाह जल विद्युत परियोजना
	–तदैव–	लहरी जल विद्युत परियोजना स्टेज–। और ।।
	–तदैव–	सन्नी बांध परियोजना
3.	कर्नाटक	डीआरडीओ चित्रदुर्गा कैम्पस सर्वेक्षण परियोजना
	–तदैव–	प्रसार भारती दूरदर्शन केन्द्र, बेंगलूरु !
4.	पंजाब हरियाणा और चण्डीगढ़	हरियाणा उ0प्र0 सीमांकन सर्वेक्षण
5.	पश्चिम बंगाल एवं सिक्किम	भारत–भूटान बाढ़ प्रबंधन परियोजना
6.	ज्योडीय एवं अनुसंधान भाखा	खोलोंगचू जलविद्युत परियोजना, भूटान
	–तदैव–	बीईएल, एसबीसी, एचएएल, एलईओएस,आईएसआरओ के लिए परियोजनाएं

7.8 मुद्रण की स्थिति

रिपोर्टाधीन अवधि में निम्नलिखित मानचित्र/विशेष उत्पाद मुद्रित किए गए :

मानचित्रों के मुद्रण की स्थिति

